**रामकृष्ण राठौर, शासकीय पॉलीटेक्निक, पेण्ड्री जांजगीर**
**जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.) पिन– 495 668**
**दूरभाष – 9229478581 ईमेल polyjanjgir@rediffmail.com**

क्रमांक / शापाजांचा / ग्रंथालय / 2024–25 / 1254 जांजगीर, दिनांक 14.01.2025

## –:: द्वितीय निविदा सूचना ::–

रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर चांपा में पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा क्र 1076 दिनांक 29.11.2024 जारी किया गया था। पर्याप्त संख्या में विधिमान्य कोटेशन एवं प्रतियोगी दर प्राप्त नहीं होने के कारण यह निविदा आदेश क्र. 1252 दिनांक 14.01.2025 द्वारा निरस्त किया गया है।

अतः पात्र फर्मो से पुनः मोहरबंद लिफाफे में द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से रूपये 500/– नगद जमा कर अथवा ''प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर'' के नाम से देय बैंक ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र को संस्था के वेब–साईट (gpjanjgir.ac.in) से भी डाउनलोड किया जा सकता है। उस स्थिति में निविदा जमा करते समय पृथक से रू. 500/– का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न होना अनिवार्य है। निविदा की समय–सारणी निम्नानुसार है–

1. निविदा प्रपत्र बिक्री की प्रारंभिक तिथि – दिनांक 15.01.2025
2. निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि – दिनांक 27.01.2025 शाम 5 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 28.01.2025 समय 3.00 सायंकाल
4. निविदा खोलने की तिथि – दिनांक 28.01.2025 समय 4.00 सायंकाल
5. क्रय की अनुमानित राशि – **4 लाख**
6. अमानत राशि – 4000/–

**(डॉ.जी.पी.नायक)**
**प्राचार्य,**
आर.के.आर.शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर,
जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)

# पुस्तक क्रय हेतु निविदा प्रपत्र

**(अ) आवश्यक दस्तावेज जिन्हें जमा किया जाना हैः–**

**01. पहला लिफाफा–**दूसरा व तीसरा लिफाफा को पहला लिफाफा में रखा जाना है पहला लिफाफा के ऊपर **''पुस्तक क्रय हेतु निविदा''** लिखें एवं कार्यालय प्राचार्य रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलीटेक्निक, पेण्ड्री जांजगीर (छ.ग.) 495668 के पते पर भेजें।

02. **दूसरा लिफाफाः–** मुहरबंद भाव पत्र लिफाफा।

03. **तीसरा लिफाफा :– इसके अंदर निम्न दस्तावेज रखें**

(A) 4000 रू का डी डी अमानत राशि के रूप में

(B) 500 रू का डी डी आवेदन की राशि के रूप में (निविदा प्रपत्र संस्था के वेबसाइट से डाउनलोड करने की स्थिति में )

(C) फर्म का वाणिज्यकर विभाग का जीवित प्रमाण पत्र जिसमें पुस्तक विक्रेता होने का स्पष्ट उल्लेख हो।

(D) जीएसटी विभाग में निविदाकर्ता फर्म का पंजीयन होना अनिवार्य है।

(E) किसी प्रकाशक का अधिकृत Dealer/Supplier/Distributor होने का प्रमाण पत्र।

(F) तीन वर्ष तक पुस्तक प्रदाय करने का अनुभव एवं वार्षिक 2.0 लाख तक पुस्तक प्रदाय करने का लेखा।

(G) पिछले दो वर्षों (2022–23 एवं 2023–24) का आयकर क्लीयरेंस प्रमाण पत्र

(H) निविदा प्रपत्र की छायाप्रति जिसके हर पृष्ठ में प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर हो।

(I) ब्लैकलिस्ट नही होने का स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र ।

**(ब) निविदा की शर्ते एवं नियमः–**

1. पुस्तकें क्रय की अनुमानित राशि रूपए 4.00 लाख है व इस हेतु 3% सुरक्षा निधि रूपए 12000/– तय की गई है। अमानत राशि एवं आवेदन की राशि का डी.डी. को अन्य दस्तावेजों के साथ तीसरे लिफाफे में रखना है।
2. लिफाफा क्रमांक–2 में भावपत्र रखें। भावपत्र के सारणी में दिये गये प्रकाशकों के पुस्तकों पर देय अधिकतम छूट का प्रतिशत अंकित करें। प्रपत्र में फर्म की मोहर व अधिकृत प्राधिकारी के हस्ताक्षर होना अनिवार्य है। इस लिफाफे के ऊपर भाव पत्र लिफाफा लिखें।
3. इन दोनों लिफाफों को एक अन्य बड़े लिफाफे में रखकर सील बंद करें एवं रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से भेजें या व्यक्तिगत रूप से संस्था में जमा करें। नियत तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक की वजह से हुई देरी हेतु संस्था जिम्मेदार नहीं होगी।
4. निविदाकार वाणिज्यकर विभाग की जीवित प्रमाण पत्र संलग्न करें, निविदाकार फर्म का जी.एस.टी. नम्बर व पैन भी अंकित करें तथा पूर्ववर्ती दो वर्षो (2022–23 व 2023–24) का आयकर क्लीयरेंस प्रमाण पत्र संलग्न करें।

5. प्राप्त निविदाओं को नियत तिथि व समय पर क्रय समिति द्वारा उपस्थित निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी इस हेतु कोई पृथक आमंत्रण/सूचना नही दी जावेगी। अतः इच्छुक निविदाकार नियत तिथि/समय पर कार्यालय में उपस्थित हो सकते हैं।
6. पुस्तकों का क्रयादेश प्राचार्य, रामकृष्ण राठौर शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर द्वारा जारी किये जायेंगे। समस्त पुस्तकों को क्रयादेश की तिथि **से 15 दिन** के अंदर प्रदाय करना होगा। 2 प्रतिशत पेनाल्टी के साथ केवल एक बार समयावधि बढ़ाई जा सकती है। बढ़ाई गई समयावधि के भीतर भी पुस्तक प्रदाय न करने पर पुस्तकों की कीमत का 3% राशि सुरक्षा निधि से जप्त किया जावेगा।
7. पुस्तकों की दरें निविदा खुलने की तिथि से 1 वर्ष तक मान्य होगी ।
8. **कटी–फटी व पुराने संस्करण की पुस्तकें स्वीकार नहीं की जायेगी उन्हें विक्रेता को उन्ही के खर्च पर वापस कर दिया जायेगा।**
9. क्रय के लिए आदेशित पुस्तकें निर्धारित तिथि तक इस संस्था में पहुंच जानी चाहिए। जिन पुस्तकों का आदेश किया गया है वे ही पुस्तकें स्वीकार होंगी।
10. यदि पुस्तकों पर विक्रय मूल्य अंकित ना हो तो उनके मूल्य का समूचित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा एवं प्रत्येक देयक में यह प्रमाणित करना होगा कि पुस्तकें नवीनतम संस्करण की है व उनका मूल प्रकाशक द्वारा घोषित सही मूल्य है देयक भारतीय मुद्रा में ही स्वीकार होगा।
11. विदेशी मुद्रा विनियम दर Good office committee द्वारा समय समय पर निर्धारित की जाती है व विदेशी पुस्तकों के मूल्य हेतु वे ही दर मान्य होगी, निविदा के साथ उसका पत्र संलग्न करें यदि परिवर्तित होती है तो देयक के साथ उसका प्रमाण पत्र भी संलग्न करे।
12. किसी भी विवाद की स्थिति में छ.ग. शासन के भंडार क्रय नियम 2002 व अद्यतन संशोधन संदर्भ रहेगें। किन्तु आदेश कर्ता का निर्णय अंतिम होगा न्यायालयीन प्रकरण की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र जांजगीर रहेगा।
13. अगर निविदाकार को क्रय आदेश जारी होने के पूर्व राज्य शासन का कोई पुस्तक क्रय हेतु नियम/अध्यादेश/अधिनियम प्रभाव में आ जाता है जो इस निविदा की शर्तो को प्रतिकुल रूप से प्रभावित करता है तो यह निविदा निरस्त की जा सकती है।
14. जिन निविदाकारों को कोई क्रय आदेश प्राप्त नहीं होता है, उन्हें उनकी अमानत राशि तुलनात्मक पत्र बनने के उपरांत लौटा दी जायेगी। अन्य निविदाकारों को सम्पूर्ण प्रक्रिया होने पर नियमानुसार आंशिक या पूर्ण सुरक्षा निधि लौटा दी जायेगी।
15. संस्था हित में निविदा की शर्तो में किसी भी समय युक्ति–युक्त संशोधन का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित होगा।
16. निविदाकार डिस्काउंट को नीचे दी गई सारणी में शब्दों एवं अंको में स्पष्ट लिखें एवं इसमें कोई सुधार न किया गया हो।

17. क्रय की जाने वाली पुस्तकों की संख्या एवं कुल क्रय की राशि घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है।
18. निविदाकार के निविदा भरने से ही यह मान लिया जायेगा कि उसे समस्त शर्ते स्वीकार है। निविदाकार ऐसे कोई शर्ते नही डालेगा जो निविदा शर्तो के विपरित हो।
19. निविदाकार को यह बताना होगा कि वह सूची में वर्णित विभिन्न प्रकार की पुस्तकों को कितने दिन में प्रदाय कर देंगे, अगर दो निविदाकरों का डिस्काउंट बराबर है तो क्रय आदेश उस निविदाकार को दिया जायेगा जो पुस्तकें शीघ्रता से प्रदाय कर सकें।
20. प्रदाय के समय निविदाकारों को पुस्तकों की कीमत का नवीनतम प्रकाशक कैटलॉग देना होगा। पुस्तकों की कीमतें उसी से सत्यापित की जायेगी।
21. प्रदाय की गई पुस्तकों की बिल तीन प्रति में उपलब्ध कराना होगा।
22. पुस्तकों की भौतिक सत्यापन एवं स्टॉक रजिस्टर में एंट्री के बाद ही बिल का भुगतान किया जा सकेगा।
**23.** क्रयादेशित पुस्तकें निर्धारित तिथि तक शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर में पहुंच जानी चाहिए। यह आदेश सामग्री के संस्था पहुंच (F.O.R. Destination) के लिए मान्य हैं निकटस्थ रेल्वे स्टेशन या गुड्स ट्रांसपोर्ट तक के लिए मान्य नहीं है। अतः आदेशित फर्म की जिम्मेदारी है कि वे शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर संस्था तक पुस्तकें पहुंचा कर देंवे।
**24.** निविदा किसी भी समय बिना कारण बताए निरस्त की जा सकती है।

**(डॉ.जी.पी.नायक)**
**प्राचार्य,**
आर.के.आर.शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर,
जिला–जांजगीर चांपा (छ.ग.)

# भाव पत्र (Quotation)

## निविदाकार डिस्काउंट की जानकारी निम्न सारणी में फर्म के लेटर हेड में दें

| S.N. | Name of Publisher | Discount % on Print Price in Figures | Discount % on Print Price in words | Supply Period (in days) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A Press | | | |
| 2 | Arihant Publications | | | |
| 3 | Asian Publishers | | | |
| 4 | Bharti Bhawan | | | |
| 5 | Blue Rose Publisher | | | |
| 6 | BPB Publication | | | |
| 7 | Cambridge University Press | | | |
| 8 | CBS Publication | | | |
| 9 | Chakraborti Publication | | | |
| 10 | Charotar Publication | | | |
| 11 | Computech Publications | | | |
| 12 | De Gruyter | | | |
| 13 | Deepak Prakashan | | | |
| 14 | Dhanpat Rai Publications | | | |
| 15 | Dreamtech Press | | | |
| 16 | East West Press | | | |
| 17 | Forgotten Books | | | |
| 18 | Galgotia Publication | | | |
| 19 | GK Publications | | | |
| 20 | Himalaya Publishing House | | | |
| 21 | I. K. International | | | |
| 22 | John Wiely & sons | | | |
| 23 | Khanna publication | | | |
| 24 | Laxmi Publication | | | |
| 25 | Mc.Graw Hill | | | |
| 26 | Neelkanth Publishers | | | |
| 27 | Nem Chand & Brothers | | | |
| 28 | New Age International | | | |
| 29 | New India Publishing Agency | | | |
| 30 | Nirali Publication | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 31 | NITTTR Chandigarh | | | |
| 32 | Oxford | | | |
| 33 | Pearson | | | |
| 34 | PHI Learning | | | |
| 35 | Pradeep Prakashan | | | |
| 36 | Pune Vidyarthi Griha Prakashan | | | |
| 37 | Random publications | | | |
| 38 | Ravi Pocket Books | | | |
| 39 | River Publisher | | | |
| 40 | S.Chand Publishing | | | |
| 41 | S.K. Kataria & Sons | | | |
| 42 | Sanjay Publication | | | |
| 43 | Sci tech Books & Periodicals | | | |
| 44 | Somaiya Publication | | | |
| 45 | Standard Publishers | | | |
| 46 | Sultan Chand & Sons | | | |
| 47 | Tech Media publication | | | |
| 48 | UBS Publisher | | | |
| 49 | Universities Press | | | |
| 50 | V & S Publication | | | |
| 51 | Vikas Publications | | | |
| 52 | Vrinda Publications | | | |
| 53 | Willey India Pvt Ltd | | | |

फर्म के अधिकृत प्राधिकारी
का सील एवं हस्ताक्षर